आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोण्डा जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर देवीपाटन मण्डल के विकास कार्यो और काननू व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने गोण्डा जिलें में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अयोध्या और अम्बेडकरनगर के दौरे पर रहेंगे।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में करीब चार सौ लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याएं बतायीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान कराना सरकार की प्राथमिकता है इसलिए सभी की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कठोर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

****

आज पवित्र सावन महीने का तीसरा सोमवार है। सावन में सोमवार के दिन भगवान भोले शंकर का दर्शन–पूजन और जलाभिषेक करने की विशेष मान्यता मानी जाती है। आज सुबह से ही सभी प्रमुख शिवालयों पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रूद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। द्वादश ज्योर्तिलिंगों में शामिल वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक और दर्शन पूजन के लिये देश के अन्य कई राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचे। यहां मंदिर प्रबंधन की तरफ से श्रद्धालुओं पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया। आज दोपहर बाद तीन बजे तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन कर चुके थे। वाराणसी जिले के ही मार्कण्डेय महादेव मंदिर में भी जलाभिषेक के लिए सुबह से ही शिवभक्तों की कतार लगी हुई है। अयोध्या, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिव मंदिरों में अभी भी जलाभिषेक का सिलसिला जारी है। इस बीच, प्रदेश में कांवड़ यात्रा भी जारी है। गोरखपुर के पिपराइच स्थित मोटेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िये पहुंचे हैं।

****

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आज मथुरा में उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद के पदाधिकारियों और प्रशासन के अधिकारियों के साथ आगामी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की । इस दौरान पर्यटन मंत्री ने कहा कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए दुनिया के कई देशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं इसलिए इसकी तैयारी भी विश्वस्तरीय होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय रहते श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए जाए।

****

सेना भर्ती कार्यालय वाराणसी की तरफ से अग्निवीर भर्ती के दूसरे दिन आज बारह जिलों के लिए ट्रेडसमैन और चंदौली जिले के लिए जनरल ड्यूटी वाले अभ्यर्थियों की दौड़ संपन्न हुई। कुल ग्यारह सौ चौसठ अभ्यर्थी दौड़ में शामिल हुए जिनमें से तीन सौ तेरह को उर्त्तीण घोषित किया गया। कल जनरल ड्यूटी के लिए मऊ, सोनभद्र और वाराणसी जिले के अभ्यर्थियों की दौड़ होगी।

****

प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नौ हजार एकड़ क्षेत्रफल में झांसी ललितपुर और चित्रकूट में सोलर पार्क बनाएगी। यहां कुल मिलाकर दो हजार मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से ललितपुर, झांसी और चित्रकूट में बत्तीस गांवों की जमीन लीज पर लेने की प्रक्रिया जारी है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप हर घर को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए प्रदेश सरकार सूर्य घर योजना के अंतर्गत युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर रही है। प्रदेश में तीस हजार युवाओं को सूर्य मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाना है इनमे से तीन हजार युवाओं को यूपी नेडा की ओर से प्रशिक्षित किया जा चुका है।

****

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आज कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के बावजूद उमस भरी गर्मी बनी हुई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र ने अनुमान जताया है कि आज रात और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में तथा बुंदेलखण्ड क्षेत्र में मध्यम से तेज वर्षा हो सकती है। उधर वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर चालीस मिलीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए गंगा नदी के घाटों पर अगले आदेश तक नावों के संचालन पर रोक लगा दी गयी है।

****